हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 30 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

नरवाना विधानसभा के ग्रामीण -शहरी क्षेत्र की हर समस्या का होगा समाधान 10



जाट संसद को गांव तक लेकर जाएंगेः पलसानिया 10



## खबर संक्षेप

### रंजिशन मारपीट करने पर नौ पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव रोझला में रंजिशन मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रोझला निवासी मनीषा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पड़ोसी हरकेश से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते हरकेश परिवार ने उसके परिवार पर हमला कर कर दिया। जिसमें उसके परिवार के सदस्य को काफी चोटें आई। सदर थाना पुलिस ने मनीषा की शिकायत पर हरकेश, सुशीला आदि के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### खेत से सोलर मोटर चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव शामलो कलां खेतों से चोरों ने सोलर सिस्टम मोटर को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव शामलो कलां निवासी सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया उसने खेत में सोलर सिस्टम लगाया हुआ है। बीती रात चोरों ने खेत में सोलर सिस्टम की मोटर को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने सचिन की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध असलहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने फैरण चौक से एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। शहर थाना नरवाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि नरवाना के फरैण चौक पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद हुआ।

### गोगा माड़ी पर मेले का आयोजन 28 अगस्त को

**राजौंद।** नगर के कैथल रोड पर स्थित गोगा माड़ी पर 28 अगस्त को होगा मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर तैयारियों पूरे जोरों पर चल रही है । जाहरवीर गोगा मेडी कमेटी के प्रधान ने बताया कि जाहर वीर गोगा माडी पर मेले का आयोजन 28 अगस्त को किया जाएगा जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। बताया कि मेले पर लोग मत्था टेकने के लिए पहुंचते हैं। बताया कि यह मेला भाद्र पद की अमावस्या के बाद पंचम को लगता है तथा इसके बाद अगले दिन नगर से हजारों श्रद्धालु गोगा माड़ी राजस्थान के गांव बागड़ के लिए छड़ी लेकर जाते हैं।

### गोदाम से 60 बैग गेहूं के चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** नरवाना टोल प्लाजा के निकट गोदाम से 60 बैग गेहूं के गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। नरवाना निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने टोल प्लाजा के निकट गोदाम बनाया हुआ है। जिसमें गेहूं का भंडारण किया हुआ है। जब उसने गेहूं के स्टॉक की जांच की तो उसमें से 60 बैग गेहूं के गायब मिले। पूछताछ करने पर गेहूं के बैगों का कोई सुराग नही लगा।

### ताला तोड़कर दो लाख की नकदी-जेवरात चोरी

**जींद।** गांव सुंदरपुर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर दो लाख रुपये की नगदी तथा सोने के जेवरात को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव सुंदरपुर निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर दो लाख रुपये की नगदी, सोने की गलसरी, गले का सेट, कानों की बाली, मंगलसूत्र, चैन, लोकेट, चार जोड़ी पायल को चोरी कर लिया।

### बिल्डिंग को कंडम घोषित कर बने नए सिरे से बने तो बात, बिल्डिंग जर्जर हालात में जगह-जगह सीलन

# पचास वर्ष पहले बनी नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को नया दिखाने का प्रयास, 14.91 करोड़ का एस्टीमेट तैयार

### 80 एसी लगेंगे,पहले भी खर्च हो चुके करोड़ों, बिल्डिंग के नही सुधरे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का लुक निजी अस्तालों की बिल्डिंग की तरह जल्द ही नजर आएगा। हालांकि इस समय बिल्डिंग जर्जर हालात में है और जगह-जगह सीलन है। बावजूद इसके 14.91 करोड़ का अस्टीमेट तैयार कर कई तरह की व्यवस्थाएं कर बिल्डिंग को नया लुक देने का काम किया जा रहा है। बिल्डिंग में लेंटर सुधार, वाहनों की पार्किंग, प्राइवेट अस्पताल का लुक सहित अन्य सुविधाएं देने का प्रयास किया जाएगा। सबकुछ ठीक रहा था तो 17 सितंबर को सीएम नायब सैनी प्रदेशभर के अस्पतालों का इनेग्रेशन करेंगे। ऐसे में अस्पताल के पास एक माह से भी कम समय बचा है। सीएम नायब सिंह सैनी ने प्रदेशभर के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। इस बैठक में जींद से सीएमओ डा. सुमन कोहली व डिप्टी सिविल सर्जन डा. रघुबीर पूनिया ने भाग लिया। जींद अस्पताल के पुराने भवन को सुधारने के लिए फैसला हुआ है कि इसे कंडम घोषित करने की बजाए इसका रेनोवेशन किया जाएगा। हालांकि पहले नया भवन बनाने का विकल्प भी तलाशा जा रहा था लेकिन अब इस निर्णय को छोड़ दिया गया है। अस्पताल की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग ने 14 करोड़ 91 लाख रुपये का एस्टीमेट बनाया है। इसके तहत पुराने अस्पताल के भवन को गोहाना रोड की ओर टफंड ग्लास से ढका जाएगा। इससे जहां भवन आकर्षक लगेगा वहीं मजबूत भी होगा। साथ ही नए शौचालय, मरीजों की सुविधा के लिए वातानुकुलित यंत्र, फायर सुरक्षा यंत्र भी लगाए जाने की योजना है। साथ ही मरीजों व उनके सहायकों की सुविधा के लिए व्यापक स्तर पर पार्किंग की संभावना भी तलाशी जा रही हैं। इस समय महिला एवं प्रसूति वार्ड में ही एसी लगे हुए हैं।

अब सभी जगह मरीजों की सुविधा के लिए एसी लगाए जाएंगे। इसके लिए 80 नए एसी लगाने की योजना है। जिला मुख्यालय पर 1975 में नागरिक अस्पताल की शुरूआत हुई थी। तब यह मात्र सौ बैड का था। इसके बाद नई बिल्डिंग बनी और यह 200 बैड का अस्पताल हो गया। 100 बैड पुरानी बिल्डिंग में और 100 बैड नई बिल्डिंग में हैं। पुरानी बिल्डिंग की बात की जाए तो पहले भी इस पर करोडों खर्च किए जा चुके हैं। हर बारिश में बिल्डिंग जगह-जगह से टपकने लगती है। इसके अलावा इस बिल्डिंग में सीवरेज की सबसे बड़ी समस्या है। बिल्डिंग में फायर सिस्टम नही है और अंडरग्राऊंड सिस्टम इंस्टॉल करना आसान नही है। इसके साथ बिल्डिंग 50 साल पुराने नक्शे के आधार पर बनी है। जबकि अब कई तरह की नई सुविधाएं अस्पताल को मिल चुकी हैं। ऐसे में एक बार फिर से बिल्डिंग पर 14.91 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा कि 14.91 करोड़ रुपये काम आते हैं या वेस्ट होते हैं।




**जींद।** नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग। फोटो :हरिभूमि

#### रेनोवेशन के बाद मिलेगा नया लुक

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि सीएम के साथ प्रदेशभर के अस्पतालों को लेकर वीसी के माध्यम से बातचीत हुई हे। अस्पताल के भवन की मरम्मत की जाएगी। जिससे पूरे भवन का नया स्वरूप मिलेगा। बिल्डिंग को रेनोवेट किया जाएगा। सभी वार्डों में एसी लगाए जाएंगे। पुरानी बिल्डिंग के फ्रंट एरिया को टफंड ग्लास के साथ कवर किया जाएगा। जिससे अस्पताल के लुक में सुधार आएगा।

## नागरिक अस्पताल में एमआरआई शुरू होने में बाधा बन रहा वन स्टॉप सेंटर

- डीजी हेल्थ के आदेशों की हो रही अवहेलना,एक सप्ताह में सेंटर उठवाने का दिया था नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए एमआरआई मशीन स्थापित की जानी है। यह जिस जगह पर शुरू करवाया जाना है, उस जगह पर इस समय वन स्टॉप सेंटर चला हुआ है। इसको उठवाने के लिए डीजी हेल्थ ने भी निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन ने अपनी तरफ से एक महीना पहले ही वन स्टॉप सेंटर उठवाने के लिए पत्र लिखा था लेकिन आज तक इस पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और वन स्टॉप सेंटर ज्यों का त्यों चला हुआ है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार जिला स्तर के अस्पतालों में धीरे-धीरे सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके लिए अस्पताल प्रशासन के सामने अंदर की बिगड़ी व्यवस्थाएं ही काबू नहीं आ रही। नागरिक अस्पताल में कुछ समय के लिए वन स्टॉप सेंटर शुरू करवाया था ताकि जब तक वन स्टॉप सेंटर को खुद का भवन मिले। उस समय तक पीड़ितों को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके। अब नागरिक अस्पताल में सुविधाएं बढने लगी तो अस्पताल को अपने लिए जगह कम पडने लगी। एक महीना पहले डीजी हेल्थ ने नागरिक अस्पताल का दौरान कर हर वार्ड में मिल रही सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया था। इस दौरान ही उन्होंने अस्पताल के भवन में चल रहे वन स्टॉप सेंटर को उठवाने के तुरंत प्रभाव से निर्देश दिए थे लेकिन यह निर्देश हवा में ही उड़कर रह गए। इसके बाद सीएमओ ने भी डीजी हेल्थ के निर्देशों को लागू करवाने के लिए सेंटर इंचार्ज को पत्र लिख कर इस भवन को खाली करने के निर्देश दिए थे। इसमें जिला के मरीजों की सुविधा के लिए एमआरआई स्थापित करवाई जानी है।

## बस की खिड़कियों पर लटककर यात्रा करने को मजबूर विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चौशाला से कैथल जाने वाली हरियाणा रोडवेज की बस सर्विस पर सवारियों को बेहद मुश्किलों के साथ यात्रा करनी पड़ती है। दरअसल सुबह के रूट में बस चौशाला से होते वाया वजीरनगर और कैलरम गांव से होकर गुजरती है। सुबह ये बस केवल एक टाइम ही गांव में आती है। जिस वजह से तीनों गांवों की सवारी इस बस में ठसाठस भर जाती हैं। चौशाला गांव से होकर जैसे ही बस वजीरनगर और कैलरम गांव में पहुंचती है, तो पहले से ही सवारियों से भरी बस में मजबूरन कॉलेज जाने वाले छात्र - छात्राओं को बस की खिड़की पर लटककर अपनी यात्रा पूरी करनी पड़ती है। जहां यह सफर तकलीफ भरा तो होता ही है, वहीं छात्राओं को भी जान जोखिम में डाल यात्रा करनी पड़ती है। कैथल आने के लिए इन गांवों में हरियाणा रोडवेज की बस का केवल यही एकमात्र रूट है।



#### बस बढ़ाने की मांग

हर रोज यात्रा करने वाले ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं ने हरियाणा रोडवेज व कैथल डिपो से यहां बस के रूट बढ़ाने की मांग की है। सुबह के समय यदि बस के रूट या उनकी संख्या बढ़ाई जाए तो तीनों गांवों की पब्लिक सार्वजनिक साधन का सहूलियत अनुसार ठीक से प्रयोग कर पाएगी।

## गांव बधाना में गहराया पेयजल संकट, नारेबाजी की

- विधायक की बात भी नहीं मान रहे अधिकारी, अब जाए तो जाए कहां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

बधाना गांव स्थित जलघर में लाखों रुपये खर्च कर नहरी पानी के लिए करीब छह माह पूर्व लगाई मोटर के चलाने के लिए शायद विभाग को किसी विधायक से फीता कटवाने का इंतजार है। विभाग द्वारा जलघर में नहरी पानी के लिए मोटर लगाए जाने के बाद भी ग्रामीणों को नहरी पानी तो मिलना दूर की बात, 15 दिनों से सबमर्सीबल के खराब होने से ग्रामीणों को पीने के पानी के लाले पड़े हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय विधायक ने कई बार अधिकारियों को गांव में जलघर से मिलने वाली नहरी पानी की सप्लाई को चालू करने की बात कही लेकिन अधिकारी विधायक की बात को भी अनसुना कर रहे हैं। जिसके कारण गांव के लोगों में सरकार तथा जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के प्रति रोष है।

गांववासियों ने बताया कि जलापूर्ति विभाग ने करीब छह माह पूर्व गांव के लोगों को नहरी पानी उपलब्ध करवाने के लिए लाखों रूपये खर्च कर दो मोटर तथा पंप रखवाने का काम किया था लेकिन विभाग के अधिकारियों ने नहरी पानी के लिए रखे उपकरणों को चलाने की जहमत नहीं उठाई।



**अलेवा।** नहरी पानी की मोटर नहीं चलने से बधाना जलघर में भरे दिखाई देते पानी के टैंक।

#### अब सबमर्सीबल खराब

जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित ने बताया कि जलघर बधाना में विभाग द्वारा नहरी पानी के लिए रखी मोटर तथा पंप कर्मचारियों की अज्ञानता के कारण चल नहीं रही है। इसके लिए स्वयं जलघर में जाकर मोटरों के चलवाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा सबमर्सीबल के स्टार्टर में कमी आई थी, जोकि सोमवार को कुरूक्षेत्र से मंगवाकर सबमर्सीबल को चालू कर दिया जाएगा। स्टार्टर के आटोमेटिक होने से कर्मचारी समझ नहीं पाए। मैकेनिक सोमवार को स्टार्टर लगा कर कर्मचारियों को समझा कर जाएगा ताकि भविष्य में दिक्कत न हो।

## बहबलपुर माइनर में मिला नग्न हालात में शव, शिनाख्त नहीं

- माइनर से निकलवा कर नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

गांव अनूपगढ़ के पास से गुजर रही बहबलपुर माइनर में रविवार को गली-सड़ी हालत में एक व्यक्ति की लाश मिली है। शव की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को माइनर से निकलवा कर नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह जींद के अनूपगढ़ गांव के पास से गुजर रही बहबलपुर माइनर में किसानों ने एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। किसानों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव कई दिन पुराना लग रहा था और यह गली-सड़ी हालत में था। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्र में लापता लोगों की जानकारी जुटा रही है। मृतक के शव को बाहर निकाला गया। मृतक के शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। यह नग्न हालत में था। हालांकि शरीर पर किसी तरह की चोट का निशान नजर नही आ रहा लेकिन फिर भी पुलिस सभी एंग्लों से जांच कर रही है। मृतक की उम्र 40 से 45 साल के बीच है।

## कैथल-पटियाला मार्ग फिर खस्ता हाल, कई बार हो चुका पैच वर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

लंबी मांग और संघर्ष के बाद बनी कैथल-पटियाला सड़क एक बार फिर से खस्ता हालत से लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। सीवन कस्बे से होकर गुजरने वाले इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनकी वजह से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर से कैथल तक के लगभग 10 किलोमीटर लंबे रास्ते में इतने गड्ढे हैं कि गिनना भी मुश्किल हो गया है। सड़क निर्माण के बाद अब तक कई बार पेचवर्क किया गया, लेकिन हर बार बरसात और भारी वाहनों के दबाव में सड़क फिर से खराब हो जाती है। निवासी नरेंद्र, बलकार, बलजीत, रामनिवास, विकी, गौरव, राजेंद्र व अन्य लोगों ने बताया कि आए दिन गड्ढों की वजह से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उनका कहना है कि इससे पहले भी इसी मार्ग पर गड्ढों के कारण कई गंभीर हादसे हो चुके हैं और कुछ लोगों ने अपनी जान तक गंवाई है। अब एक बार फिर खस्ताहाल सड़क हादसों को न्यौता दे रही है। लोगों ने कहा कि वे बार-बार सरकार और प्रशासन से सड़क सुधार की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। लोगों की मांग है कि सड़क की जल्द मरम्मत करवाई जाए यदि जल्द ही इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।





पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा का समान करते कार्यक्रम में भाग लेते कार्यकर्ता।

#### भाजपा आम जन की पार्टी : कमलेश ढांडा

**राजौंद।** राजौंद मण्डल की कार्यशाला गांव सोंगल में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता राजौंद मण्डल अध्यक्ष सुशील पांचाल द्वारा की गई, जबकि मुख्य वक्ता पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा, कुलविंदर राणा,अजय प्रताप रहे। कार्यशाला के मुख्य बिंदु भारतीय जनता पार्टी के जनकल्याण के कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत करवाना रहा। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने इस दौरान कार्यशाला में बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ उठाकर हर व्यक्ति अपना रोजगार स्थापित कर सकता है। कहा कि कार्यकर्ता इसके लिए जन-जन तक सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी हर व्यक्ति के घर तक पहुंचाएं ताकि हर व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सके। पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा बिना खर्ची बिना पर्ची युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरा देश प्रगति पर है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### फसलों के लिए फायदेमंद, तापमान में आई गिरावट, मौसम सुहाना

## तेज बरसात से मौसम में बनी उमस से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में रविवार शाम को हुई झूरी के साथ तेज बारिश ने मौसम में बनी उमस से राहत दी। बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया। हालांकि बारिश के चलते कुछ स्थानों पर बरसाती पानी के जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 90 प्रतिशत तथा हवा की गति 25 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 26 अगस्त तक आकाश में बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है। तापमान मे भी गिरावट आएगी। मानसून की सक्रियता से लगभग हर रोज कहीं न कहीं हलकी बूंदाबांदी हो रही है। बावजूद इसके मौसम में उमस भी बनी हुई थी। रविवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ मौसम में उमस भी बन गई। शाम को आकाश में गहरे बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। जिसके साथ हवा की गति भी तेज रही। जिसने उमस से राहत दिलाई। आकाश में लगे बादलो के जमावड़े से बारिश के आसार भी बने रहे। रविवार को शाम तक हवा की गति दस किलोमीटर तक रही।



**जींद।** तेज बारिश के बीच लाइट जला कर सड़क से गुजरते वाहन। फोटो :हरिभूमि

#### अच्छी बारिश की सभावना

जिले में सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा इलाके को धान बैल्ट के नाम से जाना जाता है। अबतक वहा पर अच्छी बारिश नही हुई। किसानों को नहरी पानी या टयूबवैलों को सहारा लेना पड़ रहा है। मानसून के एक्टिव होने से अब उन किसानों को आस जागी है। मौसम विभाग के अनुसार 26 अगस्त तक अच्छी बारिश की सभावना जिले मे बन रही है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया की 26 अगस्त तक आकाश मे बादल छाए रहने के साथ अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। तापमान में भी गिरावट आएगी। किसान कृषि से सबधित कार्य मौसम को ध्यान मे रख कर करे।



**कैथल।** चल रही बरसात का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

#### बारिश को लेकर 27 तक येलो अलर्ट जारी

**कैथल।** जिले में रविवार को बाद दोपहर करीब 20 मिनट की बारिश ने मौसम खुशनुमा कर दिया जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। दोपहर बाद आई बारिश से शाम तक मौसम ऐसे ही बना रहा जिससे गर्मी से राहत मिली। रविवार को मौसम विभाग की ओर से मानसून के फिर से सक्रिय होने की संभावना जताई थी। बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया। सुबह से ही घने बादल छा गए थे। बारिश होने से शहर में कई जगहों पर जलभराव हो गया। मौसम विभाग ने 27 अगस्त तक बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले कई दिनों से लगातार दिन और रात में रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम के बदले मिजाज के चलते रविवार को दिन भर बादलवाई के बाद साढे तीन बारिश शुरू हो गई। इससे लोगों को हम सभी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विशेषज्ञों अनुसार जिले में अगले तीन दिनों तक जोरदार बारिश की संभावना जताई जा रही है। बारिश के चलते शहर के निचले क्षेत्रों में जलभराव हो गया।

## खबर संक्षेप

### तैराकी प्रतियोगिता में बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**जींद।** एकलव्य स्टेडियम में हुई जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में घिमाना गांव के एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया तथा स्टेट चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह बनाई। इसमें आयु वर्ग 19 में लड़कों में शिवा ने फ्रीस्टाइल में प्रथम पृष्ठ में प्रथम तथा बटरफ्लाई में प्रथम स्थान प्राप्त कर तीन गोल्ड मेडल प्राप्त किए। अंकुश ने भी फ्री स्टाइल में प्रथम, ब्रेस्ट में प्रथम तथा बटरफ्लाई में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर तैराकी में तीन गोल्ड मेडल किए।

### भाजपा ने आयोजित की संगठनात्मक बैठक

**जींद।** भाजपा कार्यालय सफीदों मंडल कार्यकारिणी की संगठनात्मक बैठक सफीदों भाजपा कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गीता बिटानी ने की। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में विजयपाल एडवोकेट, जितेंद्र और संजीव उपस्थित रहे। एडवोकेट विजयपाल सिंह ने बताया कि भाजपा संगठन के तौर पर कार्य करती हैं। भाजपा पार्टी 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम करेगी।

### जीवन कौशल विकास पर कार्यक्रम आयोजित

**जींद।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की ओर से शिक्षकों के लिए जीवन कौशल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अन्य स्कूलों के शिक्षक भी शामिल हुए थे। सत्र के संसाधन व्यक्ति के रूप में एलीनजीत व निहारिका जी ने नेतृत्व किया। रिसोर्स पर्सन एलीनजीत ने जीवन कौशल के विभिन्न भागों का वर्णन करते हुए भावनात्मक बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण सोच और समस्या समाधान का शिक्षण में व्यावहारिक दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया।

### नरेश पहलवान युवा मंडल प्रधान मनोनीत

**जींद।** गांव कंडेला के ऐतिहासिक खाप चबूतरे पर हुई बैठक में नरेश पहलवान को युवा मंडल का प्रधान मनोनीत किया गया। इसके अलावा अमित को वरिष्ठ उपप्रधान, सुखदेव को उप प्रधान, विनोद को सचिव, रिंकू को कोषाध्यक्ष, अजय को महासचिव, अंकित को सहसचिव, अजय को मीडिया प्रभारी, सोनू शर्मा को प्रैस प्रवक्ता, राजन को सलाहकार, सौरभ श्योराण को सहसलाहकार, राजू शर्मा को सांस्कृतिक सचिव, सागर रेढू को खेल सचिव व अनुराग को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया।

### मानस हेल्पलाइन नंबर चौबीस घंटे चालू रहेगा

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस 1933 शुरू की है। यह हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मानस हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहेगा। लोग इस पर ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी सांझा कर सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** फर्जी कागजातों पर गाड़ी बेचकर की गई धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित से चार लाख रुपये बरामद भी बरामद हुए हैं। सीआईए स्टाफ 1 जींद के इंचार्ज पीएसआई मनीष कुमार ने बताया कि डाहौला निवासी संदीप ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसने 24 जनवरी 2025 को मोहाली पंजाबके बदनपुर निवासी जसप्रीत से 14 लाख 50 हजार रुपये में एक टोयोटा फ ॉच्र्यूनर कार खरीदी थी।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही वित्तीय सहायता

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने से पिता के घर से दो वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने से अथवा माता-पिता के लंबी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता से वंचित हो जाते हैं और माता-पिता की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है।

---

*कैबिनेट मंत्री चमेला कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे*

# नरवाना विधानसभा के ग्रामीण -शहरी क्षेत्र की हर समस्या का होगा समाधान

*क्षेत्रवासियों के हितों की ईमानदारी से पैरवी-वकालत प्राथमिकताः बेदी*

**कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर चार करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीवरेज पाइप लाइन के कार्य का शिलान्यास किया**



चमेला कॉलोनी नरवाना में सीवरेज पाइप लाइन के कार्य का शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि इलाके की जनता द्वारा दिया जनसमर्थन पांच साल तक जन सेवा और विकास के प्रति समर्पित रहेगा। नरवाना विधानसभा के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की एक-एक समस्या का समाधान होगा और भविष्य में क्षेत्र प्रगति की राह पर दौड़ता नजर आएगा। क्षेत्रवासियों के हितों की ईमानदारी से पैरवी तथा वकालत मेरी प्राथमिकता रहेगी। जनता द्वारा जताएं विश्वास पर खरा उतरूंगा और सच्चे जनप्रतिनिधि के फर्ज को पूरी निष्ठा के साथ निभाने की कोशिश करूंगा। तरक्की के मामले में नरवाना को प्रदेश के अन्य इलाकों से पीछे नहीं रहने दूंगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शहर की चमेला कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर चार करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीवरेज पाइप लाइन के कार्य का शिलान्यास किया। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बिछाई जाने वाली 10 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन से चमेला कॉलोनी के अलावा सुभाष नगर, बड़बस्ती टोहाना रोड, लक्ष्मी नगर, शास्त्री नगर सहित वार्ड नंबर 14 व 15 की अन्य कॉलोनी के निवासियों को भी दुरुस्त सीवरेज व्यवस्था की सुविधा मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने यह भी बताया कि वार्ड नंबर 14 लक्ष्मी नगर में गलियों के निर्माण की भी जल्द ही शुरुआत होगी। इसके लिए विभाग द्वारा दो करोड़ रुपये का टेंडर किया गया है। साथ ही चमेला कॉलोनी की गलियों के निर्माण के लिए एक करोड़ 35 लाख रुपये मंजूर किए जा चुके हैं। यह कार्य सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के कार्य पूरा होने उपरांत शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने शहर वासियों को विश्वास दिलाया कि सीवरेज, पेयजल, सड़क व गालियों जैसी शहर की एक-एक मुख्य समस्या का समाधान करवाया जाएगा। इसके लिए शहरवासी और नगर पार्षद आपसी तालमेल के साथ सहयोग दें। कैबिनेट मंत्री ने गत 17 अगस्त को मुख्यमंत्री की धन्यवाद रैली को सफल बनाने के लिए भी क्षेत्र वासियों का आभार जताया। कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से नरवाना में विकास के नए अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। चमेला कॉलोनी सहित आधा दर्जन बस्तियों में बिछने वाली साढ़े चार करोड़ की सीवरेज पाइप लाइन रैली की बानगी है। कैबिनेट मंत्री ने यह भी कहा कि मौजूदा राज्य सरकार आमजन की सरकार है और सरकार की क्रियान्वित जनकल्याणकारी नीतियों का सभी वर्गों के लोगों को बराबर फायदा मिल रहा है। आने वाले समय में प्रदेश के साथ-साथ नरवाना भी तरक्की के उच्च सौपान पर होगा। कार्यक्रम में पहुंचने पर कॉलोनी वासियों द्वारा कैबिनेट मंत्री का भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया।

#### ये रहे मौजूद

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, ओमप्रकाश शर्मा, मंडी प्रधान ईश्वर गोयल, बलदेव सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

---


जुलाना। बैठक में भाग लेते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

## संगठन को बनाएंगे चट्टान की तरह मजबूतः तेजेंद्र ढूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

रधाना गांव में भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामदुलारी ने की व प्रमुख रूप से मौजूद रहे भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट तेजेंद्र ढूल व मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कौशिक, जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल, आईटी जिला प्रमुख बबलू गोयल, रणवीर बिटानी रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढूल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए दिन रात एक कर दें। शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठन की मजबूती के लिए दिए गए कार्यों को लगन से करें। प्रत्येक बूथ पर मोदी के मन की बात जैसे कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा संख्या में सुने व इस कार्यक्रम की फोटो सरल ऐप पर ईमानदारी से लोड करें। जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मोदी के जन्मदिन पर एक एक पौधा अवश्य लगाएं। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को जोर शोर से धरातल पर चलाएं। सभी कार्यकर्ता अपने परिवार में चाहें किसी भी सदस्य का जन्मदिन हो एक पौधा अवश्य लगाएं व उसकी देखभाल करे। सुरेश कौशिक ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला व उन्होंने बूथ स्तर पर भाजपा की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की। कौशिक ने कहा कि बूथ अध्यक्ष प्रत्येक बूथ पर एक महिला, एक युवा, एक एससी, एक बीसी सदस्य जोड़ें व शक्ति केंद्र व पालक को मजबूत करें। रणबीर बिटानी ने सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि कार्यकर्ता इन योजनाओं के बारे में आम जन को बताएं व बेटी की शादी में दिए जाने वाली राशि जैसी सुविधाओं को गरीब जनता को दिलवाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति को जो बैंकों के द्वारा मदद दी जाती है वो आम जन को दिलवाने में मदद करें। आईटी सेल के जिला प्रमुख बबलू गोयल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मोदी के मन की बात कार्यक्रम को ध्यान से सुनें व इसकी फोटो सरल ऐप पर लोड करें।

---

## पर्यावरण शुद्ध रखना सबकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। स्वच्छता अभियान चलाए सेव संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

सामाजिक संस्था सोसायटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य बलबीर सिंह श्योकंद की अध्यक्षता में चलाया गया यह 435वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने पार्क में पौधारोपण के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़ा को उठाया यह संदेश देने का प्रयास किया लोगों ने पर्यावरण शुद्ध रखने में अपना सहयोग देना चाहिए। आजकल पौधारोपण का उचित समय है। इसलिए पेड़ बनाने की मंशा के साथ पौधारोपण करना चाहिए और पर्यावरण शुद्ध रखने में अपना योगदान देना चाहिए। पर्यावरण हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा है। स्वच्छता पर्यावरण का मुख्य हिस्सा है। सभी को कूड़ा डस्टबिन में डालने की आदत अपनानी चाहिए और वो डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। जब हम हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालेंगे तो स्वच्छता अवश्य रहेगी। हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा। इस मौके पर बलजीत सिंह रेढ़ू, सुजान सिंह पूनिया, डा. राजेंद्र सिंह, रोहताश गुप्ता, बलबीर सिंह, सूरजभान सिहाग आदि साथी मौजूद रहे।

---

## पिछड़ा वर्ग को सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने की सख्त जरूरतः कर्मवीर सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते कर्मबीर सैनी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के लोग आज राजनीतिक और आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं लेकिन अब सामाजिक बुराईयों के विरुद्ध लड़ाई लडऩे की बड़ी जरूरत है। इसलिए समाज में आगे बढऩे के साथ.साथ वे सामाजिक बुराइयों को जड़ मूल से समाप्त करने का भी प्रयास करें।

क्योंकि आज नशाखोरी से समाज खोखला होता जा रहा है। शुद्ध पर्यावरण और स्वच्छता की कमी के कारण जन.जीवन पर विपरीत असर पड़ रहा है। दहेज प्रथा और अनपढ़ता जैसी बुराइयां समाज में किसी अभिशाप से कम नहीं हैं। ऐसे में हम सभी को मिलकर इन सभी सामाजिक बुराईयों पर अंकुश लगाना चाहिए। हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी रविवार को नरवाना क्षेत्र के रेवर गांव में आयोजित अपने अभिनंदन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज समाज के लोग बड़े.बड़े पदों पर विराजमान हो रहे हैं। यह सिलसिला रुकना नहीं चाहिएए बल्कि एकजुटता के साथ और भी जागरूक होकर युवा पीढ़ी के भविष्य को उज्जवल बनाने में पूरी जी.जान लगानी चाहिए। अतीत में सामंतवादी और जागीरदारों ने पिछड़ा वर्ग के लोगों को जमकर शोषण किया। उसके बाद अंग्रेजों ने भी शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन पिछड़ा वर्ग के कर्मठ लोग अपनी मेहनत और महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलते हुए आगे बढ़ते गये। जिसके परिणाम स्वरूप आज पिछड़ा वर्ग के लोग किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं।

---


जींद। शिविर में रक्तदाताओं के साथ मौजूद मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि

### रक्तदान से बड़ा दान नही : मनीषा

**जींद।** युवा विकास समिति ने ईक्कस गांव में स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि हरियाणवी कलाकार अमित बाल्याण ने शिरकत की और रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैच लगाकर के उनका हौसला बढ़ाया। अमित बाल्याण ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान को अवश्य करना चाहिए। अति वशिष्ठ अतिथि के तौर पर सब इंस्पेक्टर नेहा यादव, नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना ने शिरकत की। नेहा यादव ने कहा कि समिति लगातार समाज सेवा के काम कर रही है। नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम में युवाओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिएए क्योंकि रक्त की कमी केवल मनुष्य के द्वारा ही पूरी की जा सकती है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी महसूस नहीं होती है। उपाध्यक्ष शीला सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में 46 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। मंच का संचालन महासचिव विनोद शर्मा ने किया।

---

## एबीवीपी ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

- विवि में तीन वर्ष से बंद सुविधाओं को पुन: प्रारंभ करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

एबीवीपी यूनिवर्सिटी ईकाई राहुल कक्कड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय में तीन साल से विद्यार्थियों के ग्रुप इंश्योरेंस नही हो रहे हैं। इसकी फीस भी तीन साल पहले यूनिवर्सिटी में तीन गुणा कर दी थी लेकिन उसके बावजूद भी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने तीन साल से ग्रुप इंश्योरेंस नहीं करवाया है। इन दौरान दो विद्यार्थियों की सड़क हादसे में मौत भी हो गई है। यूनिवर्सिटी को प्रति स्टूडेंट दो लाख देने थे। जोकि यूनिवर्सिटी ने जेब से विद्यार्थियों को चार लाख रुपये दिए। एबीवीपी नेता अमित सैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा तीन साल से विद्यार्थियों के एजुकेशनल टूर तक भी नही गए हैं। हर वर्ष विवि में छात्रों से एजुकेशनल टूर के नाम से 200 रुपये प्रति स्टूडेंट लिए जाते हैं। छात्रों को एजुकेशनल टूर जाना चाहिए जिससे कि वह सीख सके कि उसकी पढ़ाई के साथ-साथ नया क्या चल रहा है। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन ने बताया कि विवि में विद्यार्थियों के पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी कार्ड बनते हैं लेकिन विवि में सभी सुविधाओं को बंद कर रखा है। तीन साल में कितने विद्यार्थी बिना पासपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस और वोटर आईडी कार्ड बिना बनवाए विवि से पासआउट हुए चले गए।

---



नरवाना। नगर परिषद कार्यालय में स्वच्छता अभियान की झंडी दिखा कर शुरुआत करते हुए जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र दूहन। फोटो :हरिभूमि

### नप कर्मियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**नरवाना।** नगर परिषद नरवाना में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। जिला नगर आयुक्त जींद सुरेंद्र दूहन एवं प्रधान प्रतिनिधि विशाल मिर्धा ने इस अभियान की शुरूआत हरी झंडी दिखा कर की। अभियान के शुभारंभ अवसर पर नगर परिषद के कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ लेकर शहर को स्वच्छ तथा सुंदर बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और गंदगी को फैलने से रोकने में सहयोग दें। डीएमसी सुरेंद्र दूहन ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है बल्कि इसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। वहीं प्रधान प्रतिनिधि विशाल मिर्धा ने नगरवासियों से अपील की कि वे घर-घर में स्वच्छता बनाए रखने के साथ कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें और प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें। अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने साफ.सफाई का कार्य आरंभ किया । यह स्वच्छता अभियान आगामी दिनों में समय-समय पर चलाया जाएगा।

---

*अंतरराष्ट्रीय जाट संसद की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में जाट एकता का आह्वान*

## जाट संसद को गांव तक लेकर जाएंगेः पलसानिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। नियुक्ति पत्र सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

निजी होटल में रविवार को अंतरराष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया। जिसमें नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया ने नियुक्ति पत्र देकर सम्मान किया। वहीं सभी पदाधिकारियों का परिचय, आपसी समन्वय, तालमेल व सहयोग व संगठन की आगामी रणनीति के लिए प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में विचार विमर्श हुआ। प्रदेश कार्यसमिति का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया, राष्ट्रीय संयोजक डा. नवीन नैन भालसी, उत्तराखंड के अध्यक्ष टोनी वर्मा, हरियाणा के अध्यक्ष सुरेश सिरोही ने किया। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन का संगठनात्मक ढांचा प्रदेश स्तर पर तैयार हो चुका है। अब आगामी दिनों में संगठन को जिला, ब्लॉक व हलकों तक लेकर जाएंगे और गांव, देहात तक संगठन का विस्तार कर टीमें गठित करी जाएंगी। बिना संगठन व विचारधारा के दुनियां में कोई भी बड़ा बदलाव व परिवर्तन संभव नहीं संगठन के दम पर पूरी दुनिया जीत सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद सम्पूर्ण भारतवर्ष में संगठनात्मक कार्य तीव्र गति से कर रही है। पलसानिया ने कहा कि वर्तमान समय में जाट संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। सामाजिक, राजनीतिक तात कमज़ोर हो चुकी है। आज के समय में फिर अपनों की तरफ लोटना होगा। आपसी भाईचारे के लिए 36 कौम को साथ लेकर चलना होगा जिससे समाज मजबूत होगा। हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिरोही ने बताया कि पूरे हरियाणा प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद को गांव तक लेकर जाएंगे और सभी समाजों के साथ मिल कर समाज को संगठित करने का प्रयास किया जाएगा। राष्ट्रीय संयोजक डा. नवीन नैन भालसी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से हमने अंतरराष्ट्रीय जाट संसद को मजबूत कर रहे हैं अब संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देकर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। जिससे सम्पूर्ण भारतवर्ष में जाट समाज के उत्थान व उन्नति का रास्ता प्रशस्त हो।

---


जींद। महिलाओं को संबोधित करते रजनी मलिक। फोटो :हरिभूमि

### संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान

**जींद।** जजपा कार्यलय में रविवार को महिला प्रकोष्ठ जिलास्तरीय बैठक जिला प्रधान जोरा सिंह डूमरखां की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महिला प्रदेशाध्यक्ष रजनी मलिक और महिला प्रभारी डा. किरण पूनिया मुख्य अतिथि रहे। बैठक को संबोधित करते हुए रजनी मलिक ने कहा कि जब भी देवीलाल परिवार की प्रदेश में सत्ता में आई है, उसी समय से महिलाओं को राज काज में हिस्सेदारी मिली है। प्रदेश में महिला वर्ग का चौधरी देवीलाल परिवार हिमायती रहा है। पहले महिलाओं की राजनिति में भागीदारी कम थी लेकिन आज के समय में एक नई पहचान दिलाई और चेयरमैन से लेकर विधायक, मंत्री, लोकसभा व राज्यसभा तक अवसर प्रदान किए हैं। महिलाओं को पंचायतों, राशन डिपो, सरकारी नौकरी में हिस्सेदारी दिलवाने में सदैव देवीलाल परिवार में अग्रणी काम किया है। कहा कि महिलाओं को राजनीति में भी हिस्सेदारी दिलवाने के लिए दुष्यंत चौटाला ने आवाज उठाई थी। महिला वर्ग को चाहिए कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में जजपा से जुड़ कर संगठन को मजबूत बनाएं।

**खबर संक्षेप**

## कैथल रोडवेज डिपो को बना दिया डंपिंग यार्ड : आदित्य



**कैथल।** कैथल रोडवेज डिपो में लगातार आ रही पुरानी खटारा बसों का मामला विधानसभा में पहुंच चुका है। कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर कैथल रोडवेज डिपो को पुरानी, खटारा बसों का डंपिंग यार्ड बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कैथल के लोगों के साथ भेदभाव करने और परिवहन व्यवस्था को जानबूझकर कमजोर करने का सनसनीखेज इल्जाम लगाया। किसान भवन पर प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सैनी पर कैथल के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया।

## आरकेएसडी में साइबर सुरक्षा वेबिनार आयोजित

**कैथल।** आरकेएसडी स्कूल के छात्रों द्वारा आज एक वेबनार का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्रों द्वारा साइबर क्राइम व साइबर सुरक्षा पर बातचीत की गई। इस वेबनार में 12वीं कक्षा के छात्रों व उनके माता-पिता द्वारा भाग लिया गया। वेबीनार का मुख्य उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी को मोबाइल के खतरों से सचेत करना था। साथ ही मोबाइल फोन के कारण होने वाले स्कैम, धोखाधड़ी आदि के बारे में भी जागरूक किया गया। मनोरंजन के लिए बनाए जाने वाली वीडियो कई बार बहुत खतरनाक हो जाती है इसलिए वेबनार के माध्यम से बच्चों को समझाया गया कि वे सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधान रहें। माता-पिता से भी कहा गया कि वह अपने बच्चों पर विश्वास तो रखें लेकिन निगरानी भी रखें। फेक साइट आदि का प्रयोग करने से बचें और यदि कोई दुर्घटना घट जाए तो साइबर सुरक्षा पुलिस को जानकारी दें।

### अनाज को हटाकर उचित छिड़काव और सफाई करवाने की मांग

# सीवन में वेयरहाउस के कारण फैल रही सुरसुरी, आसपास के लोग हुए परेशान

**प्रशासन और कंपनी की लापरवाही अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

मेन रोड पर स्थित वेयरहाउस के कारण आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

वेयरहाउस में रखी गेहूं की बोरियों में सुरसुरी (कीड़े) लग चुकी है, जो अब हवा के साथ आसपास के इलाकों तक फैल रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि सुरसुरी घरों के आंगन और कमरों से होते हुए रसोई तक पहुंच जाती है। कई परिवारों ने शिकायत की है कि भोजन करते समय प्लेट तक में सुरसुरी गिर जाती है, जिससे उनका जीवन असहज हो गया है। आसपास के क्षेत्र के निवासी शीशपाल, नरेंद्र, जोगी, रामरतन, सुरेश, सोमप्रकाश, सोनू सहित अन्य लोगों ने बताया कि वेयरहाउस में रखी बोरियों से निकलकर सुरसुरी पूरे मोहल्ले में फैल चुकी है। सफाई करने के बावजूद घरों में यह समस्या लगातार बनी रहती है। महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह स्थिति बेहद कष्टकारी हो गई है। लोगों ने बताया कि वेयरहाउस में किसी निजी कंपनी का अनाज रखा गया है। कंपनी के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नतीजतन, सुरसुरी से प्रभावित क्षेत्र के लोगों का धैर्य टूटता जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस समस्या को तुरंत हल किया जाए। उनका कहना है कि यह केवल असुविधा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। लगातार सुरसुरी के बीच रहना संक्रमण और बीमारियों को दावत दे सकता है।

क्षेत्र के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही अनाज को हटाकर उचित छिड़काव और सफाई नहीं करवाई गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे। लोगों का कहना है कि प्रशासन और कंपनी की लापरवाही अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**कैथल।** सीवन में पत्रकारों को जानकारी देते वेयर हाउस के आसपास के लोग



**कैथल।** जजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता कोटड़ा बैठक को संबोधित करते हुए।

# कैथल की चारों विस सीटें जजपा को मिलेंगी : कोटडा

- जजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जननायक जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता बैठक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता कोटड़ा के निवास स्थान पर संपन्न हुई। बैठक में महिला प्रदेश प्रभारी किरण पूनिया और प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी मलिक ने विशेष रूप से शिरकत की।

बैठक का संचालन रेनू जागलान ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अवतार सिंह, बलवान सिंह कोटड़ा, पूनम ढिल्लों, सुरेंद्र मलिक, अनूप, सुरेश चहल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष सुनीता कोटड़ा ने कहा कि जिला कैथल की चारों विधानसभा सीटें जननायक जनता पार्टी की झोली में जाएंगी। वहीं, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी मलिक ने कहा कि जननायक जनता पार्टी पूरी तरह मजबूत है और आने वाला समय जजपा का होगा। हरियाणा की जनता जजपा पर विश्वास जताकर दुष्यंत चौटाला को सत्ता में बिठाएगी।

# प्रदेश में आए दिन हो रहे हत्या-अपहरण : अभय

- 30 हलकों को किया जा चुका कवर, आठ सितंबर तक 90 हलकों को कवर कर लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि 25 सितंबर को रोहतक में चौधरी देवी लाल की जयंती पर रिकार्डतोड़ रैली होगी।

अब तक 30 हलकों में जाकर वे निमंत्रण दे चुके हैं। मैं स्वयं और प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा खुद हर हलकों में जा रहे हैं, प्रतिदिन दो से तीन हलकों को कवर कर रहे हैं। लोगों में ताऊदेवीलाल जयंती को लेकर उत्साह बना है और इस बार भारी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में भाग लेकर ताऊ देवीलाल को नमन करेंगे। अभय सिंह प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चौधर के चक्कर में रोहतक क्षेत्र के लोगों ने भूपेंद्र सिंह हुडडा का साथ दिया, पूरे समाज को गुमराह किया, अब समाज के लोग भी समझ चुके हैं कि भूपेंद्र हुडडा को समाज के लोगों से कोई लेना देना नहीं है, उनकी असलीयत सामने आ चुकी है, बीजेपी सरकार बनाने में सबसे ज्यादा योगदान हुडडा परिवार है, इसलिए लोग अब इनके खिलाफ हो चुके हैं।



**कैथल।** इनेलो अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल तंवर, शशि वालिया, रामप्रकाश गोगी पुंडरी, अमन माजरा, मोनू बालू, हलका अध्यक्ष रोहित कुंडू, काला प्योदा, राजबीर ढुल, नंदलाल गर्ग, बलकार नैन, जसमेर तितरम, प्रवीण चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पूंडरी हलके और हरियाणा की जनता की सेवा ही मेरा संकल्प : अभय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

फतेहपुर देवी मंदिर हाल में आज इनेलो की ओर से एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें पूंडरी हलके भर से कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला व प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने शिरकत की। इनैलो कार्यकत्ताओं ने अभय चौटाला व रामपाल माजरा का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सभा में भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों और समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी कर अभय चौटाला व रामपाल माजरा का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता शशिभूषण वालिया, रामप्रकाश गोगी, राजाराम माजरा, ईश्वर मैहला, हलका प्रधान सुरजीत पबनावा, तेजवीर गुर्जर व अमन माजरा विशेष रूप से मौजूद रहे।



**कैथल।** फतेहपुर में आयोजित जनसभा के दौरान मंचासीन अभय चौटाला व रामपाल माजरा।

# ट्रैफिक चालान के नाम पर ठग रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस अधीक्षक कैथल आस्था मोदी ने आमजन को साइबर अपराध से सचेत करते हुए बताया कि साइबर ठगों ने अब ठगी का नया तरीका इजाद किया है। जालसाज खुद को ट्रैफिक पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को व्हाट्सऐप पर ट्रैफिक चालान के नाम पर एक एपीके फाइल भेज रहे हैं।

जैसे ही कोई व्यक्ति इस फाइल को डाउनलोड और ओपन करता है तो उसका मोबाइल फोन हैक हो जाता है, जिससे ठग बैंकिंग डिटेल्स, व्यक्तिगत जानकारियां और ओटीपी आदि तक पहुंच बना लेते हैं और आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं। ठग व्हाट्सप्प को हैक करके आपके निजी सभी व्हाट्सप्प ग्रुप में भी वह ए पी के फाइल डाल देते है, ताकि और लोग उस फाइल को डाउनलोड करें तथा उनको ठगी के लिए नया शिकार ढूंढ सके। एसपी ने कहा कि पुलिस लगातार ऐसे मामलों पर नजर बनाए हुए है, लेकिन आमजन की सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है।



एसपी आस्था मोदी

- एसपी ने आमजन को किया जागरूक

**एसपी ने कहा**

किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी थाना/साइबर पुलिस स्टेशन पर दें। जिला पुलिस अधीक्षक ने अपील की कि नागरिक सतर्क और जागरूक रहकर ही साइबर ठगी से स्वयं को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं।

## एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में टीचर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन



**कैथल।** एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल में हाल ही में एक टीचर ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसका उद्धेश्य नए संकाय सदस्यों को विश्वविद्यालय की नीतियों, प्रक्रियाओं और संस्कृति से परिचित कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर राजेश पुनिया, विभाग अध्यक्ष फिजिक्स विभाग, महर्षि दयानंद विद्यालय, रोहतक ने शिरकत की। प्रोफेसर राजेश पुनिया ने अपने वक्तव्य में विश्वविद्यालय की नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की विश्वविद्यालय में शिक्षण और अनुसंधान के अवसरों पर चर्चा की गई। संकाय सदस्यों के लिए उपलब्ध समर्थन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया कार्यक्रम ने नए संकाय सदस्यों को विश्वविद्यालय की संस्कृति और नीतियों से परिचित कराने में मदद की। संकाय सदस्यों के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉ शमीम अहमद ने अपने वक्तव्य में कहा कि विश्वविद्यालय,संकाय सदस्यों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सुविधा एवं छात्रों के लिए उत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय कल सूची डॉक्टर राजीव दहिया ,डीन एकेडमिकस प्रोफेसर आरके गुप्ता, डीन कॉमर्स एंड मैनेजमेंट रेखा गुप्ता ,डीन सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज डॉक्टर एकता चहल, डीन ऑफ़ साइंस डॉक्टर राजीव पाल, डॉक्टर रिचा मोर ,डॉ राजीव फार्मेसी डीन ऑफ ला सुरेंद्र कल्याण, विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ मंजीत जाखड़, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार, विश्वविद्यालय दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत, एवं सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# ब्रह्मकुमारी आश्रम ने आरकेएसडी कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ब्रह्मकुमारी आश्रम कैथल के द्वारा आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और नेक पहल करते हुए स्वयं रक्तदान किया, जिससे एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका के साथ-साथ एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में भी अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

शिविर के अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 350 से अधिक व्यक्तियों ने रक्तदान किया। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी के जीवन को बचाने का सबसे सरल और शक्तिशाली तरीका है। हमें रक्तदान को एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में लेना चाहिए और नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। समय पर रक्त न मिलने के कारण लाखों लोग जान गंवा देते हैं, लेकिन ब्रह्मकुमारी आश्रम जैसी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं समय-समय पर इस प्रकार के शिविर का आयोजन करके रक्त की कमी को पूरा करने की कोशिश करती हैं। रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा भी रक्तदान शिवरो का आयोजन किया जाता है।



# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पूंडरी की टीमें जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी के इंडोर-आउटडोर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पूंडरी ब्लॉक की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले में अपना परचम लहराया।

कैथल जिले के सभी ब्लॉकों की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें खिलाडियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। जिला वॉलीबॉल कन्वीनर देवेंद्र टूरन और नरेश बनवाला ने बताया कि लड़कियों की तीनों आयु वर्ग प्रतियोगिताओं अंडर-19, अंडर-17 और अंडर-14 में पुंडरी ब्लॉक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे कैथल जिले में पुंडरी का नाम रोशन किया। वहीं लडक़ों की श्रेणी में भी पुंडरी ब्लॉक ने शानदार खेल दिखाते हुए अंडर-19 वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि गुहला ब्लॉक ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लडक़ों की अंडर-17 प्रतियोगिता में भी पुंडरी ब्लॉक ने बाजी मारी और प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कैथल की टीम को दूसरा स्थान मिला। वहीं अंडर-14 आयु वर्ग में कैथल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और पूंडरी ब्लॉक की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता की सफलता में मुख्य भूमिका निभाने वाले नरेश बनवाला, कर्मवीर गोलन (वॉलीबॉल कोच), संजीव कोच, रोबिन कोच कौल, बलविंदर खेंची, विंकल पीटीआई और संतोष पीटीआई सहित अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा। इस शानदार प्रदर्शन ने पुंडरी ब्लॉक को जिला स्तर पर वॉलीबॉल का मजबूत केंद्र साबित किया है।



# कच्चे कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर नियमित करें : दलेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन राज्य प्रधान दलेल सिंह, राज्य महासचिव कपिल सिरोही व राज्य कोषाध्यक्ष धर्मवीर सिंह फोगाट ने संयुक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो की लगातार अनदेखी कर रही है ।

शिक्षा सदन में मौलिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा निदेशक से कई बार द्विपक्षीय वार्ता हो चुकी है परन्तु अभी तक कोई भी मांग नहीं मानी गई है और लगातार असंतोषजनक उत्तर मिल रहा है । यूनियन लगातार लंबित मांगों को लेकर संघर्षरत है। यूनियन हरियाणा सरकार से मांग करती है कि सभी विभागों के कच्चे कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर नियमित करे,सुप्रीम कोर्ट के फैसले अनुसार समान काम समान वेतन देना, सभी कच्चे कर्मचारियों का समय पर वेतन का भुगतान करना,ग्रुप डी के कर्मचारियों का प्रमोशन करना, चतुर्थ श्रेणी का प्रमोशन कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ा कर 50 प्रतिशत करना।आठवें वेतन आयोग का गठन करना, पुरानी पेंशन बहाल करना, 2006 से पहले वाली एक्स ग्रेशिया पॉलिसी बहाल करना, रैशलाईजेशन आयोग द्वारा विभागों में पदों में कटौती करने के विरोध व सबके लिए सस्ती दर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सफाई व परिवहन आदि उपलब्ध करना माँगों को लेकर 7 सितंबर को हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी शिक्षा मंत्री कैम्प कार्यालय पानीपत में मास डेपुटेंशन रोष प्रदर्शन करेंगे ।जिसमें प्रदेश भर से हजारों की संख्या में चतुर्थ श्रेणी पार्ट टाइम व नियमित कर्मचारी बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे।



**कैथल।** हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान दलेल सिंह बातचीत करते हुए फोटो : हरिभूमि

### नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव हरिगढ़ किंगन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# एसपी ने युवाओं, महिलाओं व आमजन को दिया जागरूकता संदेश

- नशे की लत का असर पूरे परिवार के साथ ही समाज पर भी पड़ता है : आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बाबा गोरखनाथ सेवा दल ट्रस्ट, हरिगढ़ किंगन द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव हरिगढ़ किंगन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैथल एसपी आस्था मोदी ने शिरकत की। इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं, युवा व बड़ी संख्या में ग्रामीण, डीएसपी कुलदीप बेनीवाल व अन्य पुलिस कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने एसपी आस्था मोदी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल तक उन्हें घोड़ा गाड़ी में ले जाया गया और पकड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। एसपी ने इस आत्मीय स्वागत के लिए सभी ग्रामीणों का धन्यवाद किया। अपने संबोधन में एसपी आस्था मोदी ने कहा कि नशा समाज और परिवार के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। नशा न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकारमय करता है बल्कि परिवारिक शांति और खुशहाली को भी नष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती बल्कि उसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। एसपी ने युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि आज का युवा ही कल का भविष्य है। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा को नशे जैसी बुराइयों में व्यर्थ न गंवाकर शिक्षा, खेल, रोजगार व समाजसेवा में लगाएं ताकि वे स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण कर सकें।

महिलाओं की भूमिका पर जोर देते हुए एसपी ने कहा कि महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं। यदि महिलाएं नशा मुक्ति मुहिम में सक्रिय होकर परिवार को जागरूक करें तो समाज में बड़ा बदलाव संभव है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें और घर-परिवार को नशे से दूर रखने में विशेष भूमिका निभाएं।



**कैथल।** एसपी आस्था मोदी को घोडा गाड़ी में बिठाकर स्वागत करते ग्रामीण

**नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई**

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि जिला पुलिस नशा तस्करों व अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत नशा तस्करों को डिटेन किया जा रहा है तथा नशे की कमाई से अर्जित उनकी अवैध संपत्ति को भी जब्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों की जड़ें काटने के लिए जिला पुलिस हर संभव सख्त कदम उठा रही है।

## सीवन मंडल में भाजपा की बैठक में संगठन विस्तार और बूथ कार्यक्रमों पर की चर्चा



सीवन में आयोजित बैठक में भाग लेते भाजपा पदाधिकारी व सदस्य।

**सीवन।** सीवन मंडल में भारतीय जनता पार्टी की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रवीण रसूलपुर ने की। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में मंडल प्रभारी अवधेश किशोर राय, मंडल अध्यक्ष प्रवीण रसूलपुर, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष संजय सैनी और पूर्व जिला आईटी सेल प्रमुख बलविंदर जांगड़ा मौजूद रहे। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की योजनाओं, संगठन के विस्तार तथा बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के /"मन की बात/" कार्यक्रम की विशेष जानकारी भी साझा की गई और कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम को अधिक से अधिक जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। यह बैठक संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। बैठक में मंडल महामंत्री रवि सैनी, कृष्णा कश्यप, पार्षद सतीश मुंजाल, पार्षद श्री राम वाल्मीकि, पार्षद मौसम सैनी, पार्षद मंजीत कौर, पार्षद डोली सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### शामलो खुर्द में मनरेगा की ग्राम सभा आयोजित

**जुलाना।** अनुपगढ़ व शामलो खुर्द गांव में मनरेगा की ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीण मजदूरों ने मनरेगा के तहत काम की मांग की। ग्राम सभा में बीआरपी पूनम रानी ने कहा कि मनरेगा को योजना नही बल्कि मजदूरों के रोजगार देने की गारंटी का कानून है। मजदूरों को कार्यस्थल पर पानी और छाया की सुविधा दी जाती है। अगर कोई यह मानता है कि कोई मजदूर 60 साल का हो गया।

### विपक्ष जनता को कर रहा है गुमराहः देवेंद्र अत्रीं

**उचाना ।** रजबाहा रोड पर उचाना मंडल के पदाधिकारियों की मीटिंग हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। रविवार को उचाना हलके के सभी चारों मंडलों में अलग-अलग पदाधिकारियों की मीटिंग हुई। यहां पहुंचने पर विधायक का स्वागत किया गया। पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक मीटिंग थी। चारों मंडलध्यक्ष हैं, अलग-अलग मंडलों में मीटिंग हुई है। अब तक केंद्रए प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किए गए है उनके बारे में बताया गया है ताकि बूथ स्तर पर घर.घर जाकर सरकार के ऐतिहासिक कामों को बता सकें। आईएमटी की घोषणा को लेकर विधायक ने कहा कि आईएमटी का आना हमारे लिए आना बहुत बड़ा ऐतिहासिक काम है।

### मंगलपुर स्कूल की टीम जिलेभर में रही प्रथम

**उचाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगलपुर की छात्राओं ने क्रिकेट प्रतियोगिता में अंडर 17 में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम के खिलाडिय़ों को सम्मानित करने के लिए सामान समारोह का आयोजन किया। ग्राम पंचायत एवं एसएमसी स्कूल मैनेजमेंट कमेटी द्वारा ड्रेस, जूते एवं मेडल देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने कहा कि जिलास्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन हुआ है। अब प्रदेशस्तर की प्रतियोगिता में टीम हिस्सा लेगी। प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में भी विजेता बनने की पूरी उम्मीद है। इस मौके पर डीपीई अनिल कुमार, सरपंच सुनील कुमार, मा. गुरदीप सिंह, उप प्रधान रणधीर, सत्यवान ठेकेदार, रामफल मौजूद रहे।

### योग को बनाए नियमित दिनचर्या का हिस्सा

**उचाना।** आर्य समाज परिसर में चल रहे नियमित योग शिविर में योग साधकों को योग करने के लिए प्रेरित किया गया। यहां पर योगाचार्य महेंद्र खापड़ की अगुवाई में कई महीनों से योग शिविर चल रहा है। सुबह के समय 100 से अधिक योग साधक योग करने यहां आते है। योग को लेकर लोगों को रूचि निरंतर बढ़ रही है। महेंद्र खापड़ ने कहा कि योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा स्वस्थ रहने के लिए बनाए। योग हमारी प्राचीन पद्धति है। योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। योग शिविर में निरंतर योग साधकों की संख्या बढ़ रही है। स्वस्थ रहने के लिए योग की तरफ लोगों की रूचि बढने लगी है। योग करने के लिए एक-दूसरे को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास से पुरानी से पुरानी बीमारियों का भी उपचार संभव है।

गणपति बप्पा को विराजने के लिए तैयार जींद सिटी

# 27 को गणेश चतुर्थी पर प्रीति सर्वार्थ सिद्धि, रवि के साथ इंद्र ब्रह्म योग

- गणेश मूर्ति स्थापना मुहूर्त 11:05 मिनट से लेकर दोपहर 01:40 तक शुभ मुहूर्त।
- रिद्धि सिद्धि क्लब करेगा तीन दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन
- श्रद्धालु दस दिनों तक बप्पा को घर विराज करेंगे सेवा, फिर होगा विसर्जन



जींद। पर्व को लेकर सजाया जा रहा जयंती देवी मंदिर। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

देशभर में गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा से मनाया जाता है। जींद भी इस त्योहार से अछूता नही है। पिछले कई वर्षों से जींद में भी गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ी है। हर वर्ष भाद्र पद महीने की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणेश उत्सव का आरंभ किया जाता है। इस बार 27 अगस्त से गणेश चतुर्थी का पर्व शुरू होगा। इसदिन श्रद्धालु आगामी दस दिनों के लिए अपने घर पर भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित करते हैं और पूरे विधि-विधान से पूजा करते हैं। दसवें दिन पूजा अर्चना कर भगवान गणेश को ढोल बाजे बजा नाचते हुए विदा किया जाता है। गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर श्रद्धालुओं ने तैयारियां कर ली हैं और शहर में लगने वाले पंडालों की तैयारी पूरी की जा रही हैं।

#### ठीक 10 दिन बाद होगा विसर्जनः नवीन शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि हिंदू पांचांग के अनुसार गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना के लिए 27 अगस्त को सुबह 11 बजकर 05 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 40 मिनट तक का शुभ मुहूर्त रहेगा। इस बार गणेश चतुर्थी पर प्रीति, सर्वार्थ सिद्धि, रवि के साथ इंद्र ब्रह्म योग का संयोग बना रहेगा। वहीं लक्ष्मी नारायण योग का भी निर्माण होगा। इसके अलावा गणेश चतुर्थी पर बुधवार का महासंयोग तिथि की महत्ता को गई गुना बढ़ा रहा है। श्रद्धालु इस अवधि में गणपति जी की मूर्ति की स्थापना कर सकते हैं। ठीक दस दिन बाद विसर्जन किया जाएगा। श्रद्धालु धूमधाम से भगवान गणेश की प्रतिमा को अपने घर लाएं और फिर विधि विधान से मूर्ति की स्थापना कर जलाभिषेक करें। इसके बाद भगवान को वस्त्रों और आभुषणों से सजाएं। प्रभु पर पीले रंग के फूल, अक्षत, कलवा और दूर्वा घास चढाएं। धूप और घी के दीपक से भगवान गणेश की पूजा करें और फिर पांच फल और लड्डुओं का भोग लगा कर गणेश चालीसा का पाठ करें।

#### रिद्धि सिद्धि क्लब का तीन दिवसीय महोत्सव

रिद्धि सिद्धि क्लब के प्रधान सुभाष अनेजा ने बताया कि 27 से 29 सितंबर तक पुरानी सब्जी मंडी मिड्ढा औषधायल के निकट गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार बच्चों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रहेगी। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीन से 12वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। क्लब संरक्षक राजन चिल्लाना ने बताया कि कार्यक्रम में 30 प्रतिभाशाली बच्चों को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वहीं चित्रकारों द्वारा लाइव गणपति भगवान का चित्र बनाया जाएंगे। 27 से 29 अगस्त तक सत्संग का आयोजन रात आठ से 12 बजे तक होगा। 30 अगस्त को भंडारे का आयोजन होगा।

#### विसर्जन को लेकर जींद-हांसी ब्रांच पर घाट बन कर तैयारः डॉ. मिड्ढा

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि जींद-हांसी ब्रांच नहर पर घाट बन कर तैयार हो गया है। यहां पर श्रद्धालु मूर्ति विसर्जन, सूर्य को अघ्र्य व पूजा आदि अन्य धार्मिक आयोजन विधि विधान से कर सकते हैं। गणेश महोत्सव के कई बड़े आयोजन शहर में होते हैं लेकिन गणेश विसर्जन के लिए उन्हें काफी परेशानी होती थी। क्योंकि शहर में नहर के पुलों के पास ग्रील आदि लगाई हुई थी। ऐसे में कोई घाट नहीं होने के कारण उन्हें जैसे-तैसे कर नहर में विसर्जन करना पड़ता था। अब विसर्जन को लेकर श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी नही होगी।

#### भगवान गणति को विजारने की तैयारियां पूरी

स्कीम नंबर 19 स्थित दंत चिकित्सक डा. विवेक सिंगला ने बताया कि वो हर वर्ष गणेश चतुर्थी पर्व श्रद्धा से मनाते हैं। हर बार की तरह इस बार भी वो अपने आवास पर भगवान गणपति की प्रतिमा की स्थापना करेंगे। भगवान गणपति बुद्धि और शुभता के देवता हैं। कहा जाता है कि जहां पर बप्पा विराजते हैं वहां हर समय सुख-समृद्धि रहती है।

#### रवि योग में गणपति बप्पा का आगमनः शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि गणेश चतुर्थी तिथि पर शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखकर सबसे पहले अपने घर के उत्तर भाग, पूर्व भाग, अथवा पूर्वोत्तर भाग में गणेश जी की प्रतिमा रखें और फिर श्रद्धा से भगवान गणपति को विराजते हुए उनकी पूजा अर्चना करें।

## शांति मोहल्ला में 27 को गणपति का आगमन



सीवन। भगवान गणपति जी के उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक करते समिति के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

- महोत्सव की शुरुआत 27 अगस्त को भगवान गणपति जी की प्रतिमा की शोभा यात्रा से होगी

**सीवन।** शांति मोहल्ला सेवा समिति सीवन द्वारा इस वर्ष 10वां भगवान गणपति महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। समिति के प्रधान सुनील मुंजाल कालू ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान गणपति जी का आगमन भव्य शोभा यात्रा के साथ 27 अगस्त को किया जाएगा। यह महोत्सव 6 सितंबर तक लगातार 10 दिनों तक चलेगा। महोत्सव की शुरुआत 27 अगस्त को भगवान गणपति जी की प्रतिमा की शोभा यात्रा से होगी, जिसमें सीवन के श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। प्रत्येक दिन प्रातःकाल और सायं आरती का आयोजन होगा, जिसमें भक्तजन बड़ी संख्या में शामिल होकर आस्था प्रकट करेंगे। इस अवसर पर कैशियर सुरेश मदान, मिंटू रहेजा, लोकेश बहल, देव मुंजाल, रोशन आर्य सहित सभी सदस्य भगवान गणपति उत्सव की पूर्व तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

## रक्तदान करना मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद : डॉ. संदीप सिंह

- शिविर के अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

कैथल रोड पर स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एस एम ओ डॉक्टर संदीप सिंह ने शिरकत की। शिविर के अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी के जीवन को बचाने का सबसे सरल और शक्तिशाली तरीका है। हमें रक्तदान को एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में लेना चाहिए और नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। समय पर रक्त न मिलने के कारण लाखों लोग जान गंवा देते हैं, लेकिन ब्रह्मकुमारी आश्रम जैसी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं समय-समय पर इस प्रकार के शिविर का आयोजन करके रक्त की कमी को पूरा करने की कोशिश करती हैं। हमारे समाज में रक्त की जरूरत हमेशा बनी रहती है, खासकर आपातकालीन स्थितियों और गंभीर बीमारियों के मामलों में। ब्रह्मकुमारी बहन आशा बहन नीलम दीदी ने कहा कि संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18 वी पुण्य स्मृति में पूरे भारत वर्ष मे विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें 1 लाख से भी अधिक यूनिट का संकल्प लिया।



राजौंद। रक्तदान शिविर के दौरान रक्त देते हुए । *फोटो : हरिभूमि*

### संगठनात्मक ढांचे पर आधारित भाजपाः क्योडक

**कैथल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल क्योडक की कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व विधायक लीला राम ने भाग लिया। पूर्व विधायक भाई लीलाराम ने हरियाणा सरकार की उपलब्धियां व बूथ सत्र पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। राजपाल तंवर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ने पंच परिवर्तन से राष्ट्रीय पुनः निर्माण आरएसएस के बारे में जानकारी दी। रवि भूषण गर्ग पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ने केंद्रीय सरकार की साढे 10 साल की उपलब्धियां के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। मनीष कळवाड़ ने सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक के कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया। गुरनाम बिबियान ने सोशल मीडिया आईटी व धीरेन्द्र क्योडक ने कहा कि भाजपा की संगठनात्मक रचना एवं सुव्यविस्थत ढांचे पर आधारित है।

## खेतों से ट्यूबवेल की तार चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल पुलिस ने खेतों से ट्यूबवैल की तार चोरी करने वाले एक आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना चीका क्षेत्र अंतर्गत बुढनपुर से रताखेड़ा रोड पर 18/19 अगस्त 2025 की रात अज्ञात चोरों ने कई किसानों के खेतों से ट्यूबवैल की तार चोरी की थी। शिकायत अनुसार सत्तु राम पुत्र प्रेम निवासी बुढनपुर गुजरान के खेत से करीब 40 फुट तार, पड़ोसी ईश्वर सिंह पुत्र बचना राम के खेत से 20 फुट तार, सुरेश पुत्र रामधारी के खेत से 25 फुट तार तथा हुकम चंद पुत्र सिंगा राम के खेत से 40 फुट तार काटकर चोरी की गई थी। उक्त बारे थाना चीका में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच चौकी भागल पुलिस प्रभारी एएसआई रघुबीर सिंह की अगुवाई में एएसआई लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी शमशेर सिंह निवासी गांव सुल्लर, जिला पटियाला (पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया गया। व्यापक पूछताछ दौरान आरोपी ने कबूल किया कि उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर न केवल यह चोरी की बल्कि भागल निवासी अशोक की शिकायत अनुसार 18/19 अगस्त की रात उसके खेत व उसके पड़ोसियों के खेत से भी करीब 190 फुट तार व अन्य सामान चोरी किया था। पुलिस ने दूसरे आरोपी की भी पहचान कर ली है, जिसे शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी शमशेर सिंह को रविवार को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।



कैथल। तार चोरी का आरोपी चौकी भागल पुलिस गिरफ्त में



नरवाना। दबलैन गांव में लोगों का अभिवादन स्वीकार करती हुई कुमारी शैलजा।

### किसान मजदूरों को मिले उनका हक, भाईचारे के लिए सब मिलकर करें कामः कुमारी शैलजा

**नरवाना।** सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने रविवार को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों का दौरा किया और लोकसभा चुनाव में दिए जनसमर्थन पर लोगों का धन्यवाद किया। कुमारी शैलजा ने रविवार सुबह अपने दौरे की शुरुआत नरवाना हलके के गांव जाजनवाला से की। जाजनवाला के बाद सांसद कुमारी शैलजा कलौदा कलां, फरैण कलां, दबलैन, ढाकल, बेलरखा, हमीरगढ़, खरल, रसीदां, धमतान साहिब व कालवन गांव में पहुंची। ग्रामीण दौरे के दौरान गांव के लोगों ने कुमारी शैलजा का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया और उन्हें शॉल व पगड़ी भेंट कर सम्मानित भी किया। सांसद कुमारी शैलजा ने दबलैन गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आप की जो भी समस्याएं हैं उन्हें बताएं उन समस्याओं का हल किया जाएगा। कुमारी शैलजा ने कहा कि प्रदेश में भाईचारा कायम हो 36 बिरादरी एक साथ चले किसान मजदूर हर वर्ग को उनका हिस्सा मिले। इसके लिए सब मिलकर काम करेंगे।

## प्रबुद्ध भारत फाऊंडेशन फगवाड़ा द्वारा आयोजित 16वीं प्रतियोगिता परीक्षा

- प्रतियोगिता के लिए हरियाणा में भी काफी सेंटर बनाए गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

प्रबुद्ध भारत फाऊंडेशन फगवाड़ा द्वारा आयोजित 16वीं प्रतियोगिता रविवार को हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता के लिए हरियाणा में भी काफी सेंटर बनाए गए थे। जिसमें नरवाना का अंबेडकर भवन भी चुना गया। अंबेडकर सभा नरवाना के प्रधान वीरेंद्र चोपड़ा ने इसे शानदार प्रयास कहते हुए कहा कि हर बार ऐसे सुंदर प्रयास करते रहना चाहिए। इस प्रतियोगिता में कुल 157 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें नरवाना के साथ-साथ उझाना, खरल, उचाना, डूमरखांए दनौदा, मटोर, मंगलपुर, फरैण व अमरगढ़ से भी काफी संख्या में बच्चों ने भागीदारी की। परीक्षा में छठी से बारहवीं तक का एक ग्रुप था। उसके बाद 40 वर्ष तक का दूसरा ग्रुप था। दोनों ग्रुपों में प्रथम पुरस्कार की राशि 50 हजार रुपये अलग-अलग रखी गई है। दूसरा पुरस्कार 20 हजार और तीसरा 11 हजार रुपये का रखा गया है। 250 बच्चों को मेरिट के आधार पर एक-एक हजार रुपये दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता का परिणाम 26 अक्टूबर को आएगा।



नरवाना। अंबेडकर भवन नरवाना में प्रतियोगिता परीक्षा देते हुए बच्चे।

### असम भाजपा नेताओं से मिले अशोक गुर्जर ढांड संगठन के सशक्तीकरण पर की अहम चर्चा

**पूंडरी।** भाजपा नेता अशोक गुर्जर ढांड ने असम की राजधानी गुवाहाटी स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय का दौरा कर असम भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने असम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलिप शाक्य और प्रदेश महामंत्री (संगठन) रवीन्द्र राजू से विस्तारपूर्वक बातचीत की। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने, राज्यों के बीच संगठनात्मक रणनीतियों को साझा करने और आगामी चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन को ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए ठोस रणनीतियों पर मंथन किया गया। अशोक गुर्जर ढांड ने हरियाणा में संगठन की ओर से किए गए नवाचारों और जनसेवा गतिविधियों का अनुभव सांझा किया, जिससे असम भाजपा को भी प्रेरणा मिल सके। अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाला जनआंदोलन है। उन्होंने बताया कि हरियाणा और असम दोनों राज्यों में भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर आम जनता से जुड़ाव बनाए हुए हैं और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहे हैं। असम भाजपा के नेताओं ने भी हरियाणा संगठन की कार्यशैली की सराहना की और संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मिलकर काम करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष कठवाड़ इत्यादि भी विशेष रूप से मौजूद रहे।



पूंडरी। असम भाजपा नेता दिलिप शाक्य व रवीन्द्र राजू से मिलते भाजपा नेता अशोक गुर्जर।

### जिला योग प्रतियोगिता में भार्या प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

रविवार को स्थानीय जाट माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय योग खेलों का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश राणा ने किया। जिसमें सभी खण्ड के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-14, अंडर 17, अंडर-19 तीन वर्गों में खिलाड़ियों ने शिरकत की। 23व 24 अगस्त को हुई प्रतियोगिता में 72 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के संयोजक शमशेर सिंह डीपीई ने बताया कि अंडर 17-पारंपरिक योग में अमनप्रीत प्रथम स्थान एवं दिव्यांशी दूसरे स्थान पर रही। आर्टिस्टिक सोलो अंडर-17 में भार्या ने प्रथम और अमनप्रीत ने दूसरा स्थान पाया। पारंपरिक योग के अंड-19 ग्रुप में सलोनी प्रथम, रिद्धि दूसरे, इंडियन आर्टिस्टिक सोलो में रिया प्रथम और रिद्धि दूसरे स्थान पर रही। इस मौके पर श्याम लाल आर्य, विनोद कुमार, शमशेर सिंह, D.P.E सविता मलिक, सीमा, खपेन्द्र कौर, पूनम, सरोज, सामाजिक कार्यकर्ता पूजा जाजनपुर और गुलशन शर्मा का विशेष सहयोग रहा।



कैथल। योगा का प्रदर्शन करते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

**कार्यक्रम** अग्रसेन स्कूल में सात सितंबर को अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

## मुख्यमंत्री से मिला अग्रवाल समाज, मुख्यमंत्री को कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्यों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

आगामी सात सितंबर को जींद के अग्रसेन स्कूल में होने वाले उत्तर भारत स्तरीय विवाह योग्य अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के शिष्टमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सावर गर्ग, महासचिव रामधन जैन, कोषाध्यक्ष पवन बंसल, प्रेस सचिव सोनू जैन, प्रचार सचिव रजत सिंगला इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने मुख्यमंत्री को विस्तार से सम्मेलन की रूपरेखा, उद्देश्यों और समाज की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। राजकुमार गोयल ने बताया कि यह सम्मेलन समाज की एकता, शिक्षा, संस्कार और नई पीढ़ी को सही दिशा देने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अग्रवाल समाज के इस ऐतिहासिक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में नई ऊर्जा और आपसी एकता का संदेश देते हैं।



जींद। मुख्यमंत्री से परिचय सम्मेलन के बारे में बातचीत करते अग्रवाल समाज के प्रधान राजकुमार गोयल। *फोटो : हरिभूमि*

#### सशक्त होगी सहयोग की भावना

मुख्यमंत्री ने अग्रवाल समाज को आगामी परिचय सम्मेलन की सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन निश्चित रूप से समाज के युवाओं, महिलाओं एवं प्रबुद्ध वर्ग के लिए नई प्रेरणा लेकर आएगा और सामूहिक सहयोग की भावना को और अधिक सशक्त करेगा। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने अपने शुभकामना संदेश प्रेषित किया और कहा कि अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विवाह योग्य युवक व युवतियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा हेतु यह सम्मेलन एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि विवाह हमारे समाज में गौरवए गरिमा और परंपराओं को बनाए रखने का आधार है।